राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2288
W.W.W.
वर्ल्ड वाइड वेब
by अनुपम, NARESH - MOIN
मकड़जाल
Part 3

स्पाइडर जैसे विलेन से मेरा पाला कभी नहीं पड़ा! और न ही कभी मैंने अपने सबसे बुरे सपने में भी ये सोचा था कि मैं श्वेता को 'क्रैम्बिज' में छोड़ने और दादा जी से ल्योन में मिलने योरोप आऊंगा और मेरा सामना मेरे एक ऐसे फैन डिन से होगा जो सुपर हीरो बनने की कोशिश में स्पाइडर जैसा विलेन बन जाएगा!
मैं श्वेता को छोड़ने क्रैम्बिज आया और यहां घुसते ही डिन को बुलींग से बचाने के लिए श्वेता रग्बी टीम के खतरनाक प्लेयर्स फिट्ज, रोनिन और उनके साथियों से जा भिड़ी! डिन पहले से ही सुपर हीरोज का दीवाना था! और मुझसे मिलने के बाद उस पर सुपर हीरो बनने का भूत सवार हो गया! आखिरकार उसने अपने आपको एक रेडियोएक्टिव मकड़े से कटवाया और बन गया स्पाइडर!
हांलाकि ऐसा होता किसी ने भी नहीं देखा! पर सभी घटनाएं इसी संभावना की तरफ इशारा कर रही हैं!
स्पाइडर बनते ही डिन ने सबसे पहला काम उसकी बुलींग करने वाले फिट्ज और रोनिन को मारने का किया! रोनिन किसी तरह बच गया और उसने कोमा में जाने से पहले श्वेता को यह बताया कि स्पाइडर फिट्ज को खा गया है! श्वेता स्पाइडर को रोकने गई और खुद उसकी बंदी बन गई!
पर बंदी बनने से पहले उसने मुझे उस वक्त फोन किया था जिस वक्त मैं दादाजी को देखने ल्योन, फ्रांस गया था और वहां जाकर मुझे पता चला था कि ताऊजी दूसरी शादी कर रहे हैं! वहीं पर यह रहस्य भी खुला कि फिट्ज दरअसल में मेरी होने वाली ताई का बेटा है! मैं फ्रांस में था और इधर स्पाइडर बिछा रहा था अपना...
संजय गुप्ता की पेशकश- राज कॉमिक्स है मेरा जनून!
चित्रांकन - अनुपम सिन्हा
कथा - जॉली सिन्हा
इंकिंग - विनोद
सुलेख - सुनील पाण्डेय
इफैक्ट - साहिल
सम्पादक - मनीष गुप्ता
W.W.W.
वर्ल्ड वाइड वेब
मकड़जाल
Part 3

श्वेता का फोन मिलते ही मैं ताऊजी की शादी बीच में ही छोड़कर उनके ही हैलीकॉप्टर से क्रैम्बिज की तरफ रवाना हो गया!
और क्रैम्बिज पहुंचकर मेरी सबसे पहली मुलाकात उसी शख्स से हो गई जो रातोंरात उन लोगों का सुपर हीरो बन गया था जो चोरी, नशाखोरी और झपटमारी जैसे छोटे- मोटे अपराधों को अपना हक समझते थे!
ये तो कह पाना मुश्किल है कि उस मुलाकात में किसने किसको मात दी! क्योंकि मेरी मदद के लिए पुलिस आ गई और स्पाइडर की मदद के लिए उसके जरायम पेशा प्रशंसक! वह किधर भागा मुझे पता नहीं, पर मैं श्वेता को बचाने के लिए भागा और इसमें मैं सफल भी रहा!
श्वेता से ही मुझे पता चला कि डिन के साथ ऐसा घटनाक्रम घटा है! और फिर हम सुबह-सुबह डिन के कमरे पर पहुंच गए! और उसके हाथ पर मकड़ी के डंक का निशान देखकर रही- सही शक की गुंजाइश भी खत्म हो गई! हम सीधा उसको पुलिस स्टेशन ले गए! जहां पर उसके ब्लड सीरम की जांच में रेडियो एक्टिविटी भी मिली और मकड़ी की तार के अंश भी! उसको लॉकअप में बंद कर दिया गया!...
...पर लॉकअप के अंदर डिन स्पाइडर के रूप में बदल गया और लॉकअप की दीवार तोड़कर भाग निकला!
मैं तुरन्त समझ गया कि अब स्पाइडर अपने बच निकले शिकार रोनिन को मारना चाहेगा! पर मैं जब अस्पताल में भर्ती बेहोश रोनिन के पास पहुंचा तो वहां पर मुझे ताऊजी मिले! वे भी ल्योन से क्रैम्बिज आ पहुंचे थे और फिट्ज के न रहने की मनहूस खबर मुझे ही उनको सुनानी पड़ी! वे गुस्से से पागल हो उठे और स्पाइडर को मारने की कसम खा ली! और तभी किस्मत का मारा स्पाइडर भी वहां पर आ पहुंचा!
लेकिन न जाने क्यों वह ताऊजी की गोलियों के डर से भाग निकला! ये बात मुझे समझ में नहीं आई! और ये बात भी स्पष्ट नहीं हुई कि लॉकअप के अंदर डिन का रूप एकाएक बदल कैसे गया?
लेकिन जब गोलियों से डरकर स्पाइडर भाग रहा था, उसी वक्त श्वेता का फोन मेरे पास आया था कि उसने गयो लैब में स्पाइडर की परछाईं देखी थी और वह स्पाइडर को ढूंढते- ढूंढते वहीं पर आ पहुंची है जहां पर छिपकर डिन अपना गुप्त प्रयोग कर रहा था!
अब स्पाइडर को जल्दी से जल्दी काबू में करना जरूरी होता जा रहा है! क्योंकि एक विलेन के साथ-साथ वह एक दूसरे किस्म का खतरा भी बनता जा रहा है! स्पाइडर के शरीर में रेडियो एक्टिविटी का स्तर बढ़ता जा रहा है! वह एक चलता-फिरता एटम बम बन रहा है! मैं श्वेता के पास जा तो रहा हूं...
...पर मैं भगवान से ये भी मना रहा हूं कि श्वेता को स्पाइडर न मिले! वर्ना श्वेता की जान खतरे में पड़ सकती है!

अगर मैं गलत नहीं हूं तो श्वेता को पहली बार यहीं पर एक कॉटेज में वह रेडियम से भरा कंटेनर मिला था जिसमें डिन ने मकड़ी को रखा हुआ था!
पर इनमें से वह कॉटेज कौन सा हो सकता है?
एक मिनट! श्वेता ने कहा था कि उसने डिन को एक कुत्ते की मदद से ढूंढ़ा है!
और ऐसा है तो वह कुत्ता आसपास ही होगा!
भौं! वाऊssss
म्यांऊंsss
ये रहा! जरूर ये वही कुत्ता है जिसको श्वेता ने डिन के कपड़े सुंघाए हुए थे और यह गंध का पीछा करते- करते यहां तक आ पहुंचा है!
पर ये इतना डरा हुआ क्यों है!
भौं! गुर्रर्र! गुर्रर्र! डरो मत, दोस्त! मैं जानता हूं कि तुमने एक डरावनी चीज देखी है! स्पाइडर!
और अब मैं चाहता हूं कि तुम उसको पिटता हुआ देखो!
बताओ,कहां पर है वह डरावनी चीज?
वह डरावनी चीज–

पास में ही थी-
दूर हट मुझसे!
दूर हट!
हा हा हा! यही बात अब तुमसे पूरी दुनिया कहेगी!
अपने डंक का असर मैं एक इंस्पेक्टर पर देख चुका हूं!
अब एक ही रास्ता बचा है! मेरा हाथ थाम लो...
... और मेरे साथ दुनिया पर राज करो!
मर जाऊंगी पर ऐसा नहीं करूंगी!
चाहे तुम दुनिया में बचे आखिरी इंसान हो...
... तब भी नहीं!
मैं इस दुनिया में बचा वह आखिरी शख्स ही हूं, श्वेता...
... जो अभी तक तुमको पसंद करता है!
मेरा... मेरा चेहरा?

... यानी स्पाइडर!
ध्रुव!
ओ गॉड, गॉड, गॉड! तुम मेरा पीछा कब छोड़ोगे?
तुमको जेल में पहुंचाने के बाद!
तुम्हारे खिलाफ काफी रिपोर्ट्स हैं!
ये कोशिश तो तुम कर चुके हो! वैसे भी ये इंग्लैंड है! एक इंडियन सुपर हीरो का यहां पर कोई काम नहीं है!
गो बैक! अब यहां पर स्पाइडर का राज है!
जब अपराध देशों की सरहद को नहीं मानता है तो अपराध विनाशक भी क्यों मानें?
अब बताओ! श्वेता कहां है? क्या किया है तुमने उसके साथ?

श्वेता! उसके साथ कब तक चिपका रहेगा? हिन्दुस्तान में तो बहन को पराया धन कहते हैं न! अब तेरी बहन पराई हो चुकी है! स्पाइडर की हो चुकी है! अब उसे भूल जा और चला जा!
वर्ना जलाकर राख कर दूंगा!
हमारी ये तीसरी मुलाकात है, स्पाइडर! पहली बार बस्ती वालों ने तुमको भागने का मौका दिया था!
दूसरी बार तुम खुद गोलियों से डर कर भाग गए थे!
लेकिन इस बार न तुम खुद भाग पाओगे और न ही भागने में कोई तुम्हारी मदद करने आएगा!
तड़ाक
मदद की जरूरत मुझे नहीं तुझे पड़ेगी! और इस तीसरी बार किस्मत तेरा साथ नहीं देगी!
आऽऽऽ ह! ये लड़ाई मैंने इस उम्मीद में शुरू की है कि श्वेता आसपास जहां भी हो, खुद बाहर आ जाए! वर्ना ये स्पाइडर तो मुझको उस तक पहुंचने देगा नहीं!
बस मुझे इस बात की बिल्कुल भी जानकारी नहीं है कि इस लड़ाई को मैं खत्म कैसे करूंगा!

ओफ़्फ़! इसके अंदर पैदा हो रही आग की तीव्रता तो बढ़ती ही जा रही है!
और इसकी फुर्ती भी! इसकी दीवारों पर चिपक सकने की शक्ति मुझ पर भारी पड़ रही है!
आऽऽऽऽह!
ओऽऽऽह!
मैं गैराज में आ गिरा हूं!
ओफ़! मुझसे हर बार कोई न कोई गड़बड़ हो जाती है! अब अगर मैं ध्रुव के पीछे जाता हूं तो श्वेता भाग निकलेगी!
और पीछे नहीं जाता हूं तो इस बार भी ध्रुव जिन्दा बच जाएगा!
खैर! इसको तो मैं कभी भी मार सकता हूं! फिलहाल तो श्वेता को मनाना जरूरी है!
7

श्वेता को मनाने से पहले...
... अपनी खैर मना लो स्पाइडर!
अब उस कमरे में तुम नहीं जाओगे, जिसमें श्वेता है! सिर्फ मैं जाऊंगा!
अच्छा हुआ कि तू खुद मरने के लिए यहां पर आ गया! वर्ना मैं डबल माइंडेड था कि तुझे मारूं या फिलहाल छोड़ दूं!
तुम अगर सोचते हो कि दीवारों और छतों से चिपकने की तुम्हारी शक्ति मुझ पर भारी पड़ेगी तो तुम सही समझते हो! लेकिन फिलहाल...
... ये शक्ति तुम पर भारी पड़ने वाली है!
ओह! ये... ये क्या है?
ग्रीस पेंट की कैन!
तुम्हारे पंजों पर ग्रीस चिपक चुका है स्पाइडर! और इसके चिकनेपन ने तुम्हारी दीवार पर चिपक सकने की शक्ति को खत्म कर दिया है!
आऽऽऽह!

दीवार पर चिपकना स्पाइडर की एक मामूली शक्ति है! स्पाइडर की मेन पॉवर तो उसका जाल है!
दि वेब ऑफ...
... स्पाइडर!
हैं! ये क्या?
मेरे जाल हवा में उड़ नहीं पा रहे हैं!
वो इसलिए क्योंकि वे भी गाढ़ी ग्रीस से लथपथ हो गए हैं!
तुम्हारी सबसे बड़ी शक्ति बेकार हो गई है स्पाइडर!
मैं मामूली स्पाइडर नहीं हूं ध्रुव! सुपर हीरो स्पाइडर हूं!
एटॉमिक पॉवर से युक्त!
और इस एटॉमिक पॉवर ने मुझे आग उगलने वाली भट्ठी बना दिया है!
आऽऽऽह! मूर्ख लड़के! एटॉमिक फायर, पानी से नहीं बुझा करती!
अपनी बंद नाक खोलो, स्पाइडर!

ये पानी नहीं पेट्रोल है! ये कैन भी मैं ग्रीस स्प्रे के साथ गैराज से लाया था! क्योंकि मुझे पता था कि कभी न कभी तुम्हारी जबान आग जरूर उगलेगी!
लेकिन अब अगर तुमने आग उगली तो उस आग से जलने वाले सबसे पहले शख्स तुम होगे!
यानी मेरी एक और शक्ति बेकार हो गई!
लेकिन ऐसा करके तूने अपने लिए और बड़ी मुसीबत खड़ी कर ली है!
पहले तो मैं तुझको आसान मौत दे रहा था!
जैसे जाल से फांसी देना या आग से राख करना!
पर अब मैं तुझे अपने हाथों से मारूंगा! आठ हाथों से पीट-पीटकर मारूंगा!
एक-एक हड्डी के दस-दस टुकड़े कर दूंगा!
हाथ घुमाने से पहले...
... बैलेंस बनाना तो सीख लो, स्पाइडर!
ओह! तूने फर्श पर भी ग्रीस पेंट का स्प्रे करके फर्श को चिकना कर दिया है!
तड़ाक
हां! लेकिन ध्रुव को चिकने फर्श पर भी बैलेंस बनाना आता है!

स्पाइडर की बुद्धि अब जवाब दे गई थी-
ध्रुव के दिमाग के सामने उसकी सारी शक्तियां पस्त हो गई थीं-
लेकिन जीत की तरफ बढ़ता ध्रुव स्पाइडर की सबसे बड़ी शक्ति को भूल रहा था-
स्पाइडर के डंक की शक्ति-
जिसमें इंसानों को स्पाइडर में बदल देने की शक्ति थी-
और ध्रुव, बार-बार स्पाइडर के करीब आकर उसको ये शक्ति आजमाने का पूरा मौका दे रहा था-
और स्पाइडर न तो ये शक्ति भूला था और न ही इस मौके का फायदा उठाना-
पर किस्मत शायद ध्रुव का वह हाल करना नहीं चाहती थी-
जैसा वह श्वेता का कर चुकी थी-
श्वेता! ये... ये तुमको क्या हो गया है!
पर शक्ल के साथ-साथ श्वेता की अक्ल भी स्पाइडर जैसी हो रही थी-
स्पाइडर से दूर हटो!
श्वेता! ये तुम क्या कर रही हो?

तुम स्पाइडर की मदद क्यों कर रही हो ?
होश में आओ श्वेता !
होश में आने में समय जरूर लगा ! पर अब मैं होश में आ गई हूं !
और अब स्पाइडर से ज्यादा प्यारा मुझे कोई भी नहीं है। तुम भी नहीं ! सॉरी स्पाइडू ! लेकिन मुझे 'स्पाइक्स' ढूंढ़ने और पहनने में थोड़ा टाइम लग गया !
लेकिन 'स्पाइक्स' पहनने के बाद अब मैं ग्रीस पेंट पर फिसलूंगी नहीं !
श्वेता ! काबू पाओ अपने आप पर !
काबू तो अब मुझे तुम पर पाना है, ध्रुव !
पर अकेले नहीं !
अब हम इस पर मिलकर काबू पाएंगे !
पांसा एकाएक पलट गया था ! श्वेता, स्पाइडर के साथ जा मिली थी-
और ध्रुव, श्वेता पर हाथ उठाने की सोच भी नहीं सकता था-
पर श्वेता और स्पाइडर ऐसा सोच भी सकते थे-

और वार कर भी सकते थे-

हमने गलती कर दी! इसको कॉटेज में ही मार देना चाहिए था!
बाहर भीड़ जमा होने लगी है!
हमें इसको जिन्दा छोड़कर यहां से निकलना होगा!
तुम्हारे साथ तो अब मैं दूसरी दुनिया में भी जाने के लिए तैयार हूं! पर इस दुनिया में हम कहां जाएंगे?
इस रूप में तो कोई अंधा भी तुरन्त हमें पहचान लेगा!
तुम्हारे पास ऐसी कोई चीज जरूर होगी जिसका इस्तेमाल करके तुम फिर से डिन बन गए थे!
हमको फिर से उसी चीज का इस्तेमाल करके अपने असली रूपों में वापस आना होगा! ताकि हमको भागते न रहना पड़े! और तुम आसानी से अपना सुपर हीरो बनने का सपना पूरा कर सको!
वह चीज मेरे पास है श्वेता! और वह यहां से ज्यादा दूर नहीं है!
पर इस रूप में तो हम दो कदम दूर भी नहीं जा पाएंगे!
बाहर निकलते ही लोग हमको घेर लेंगे!
हम बाहर नहीं जाएंगे!
हम उसी रास्ते से जाएंगे जिस रास्ते से मैं आया था!
ओ गॉड! ये तो एक सुरंग है!
तुमने खोदी?
मेरे छः हाथों के लिए ये तो मामूली सा काम है!

शानदार! मजा आ रहा है! स्पाइडर बनने के बाद तो मेरा ऐसे ही माहौल में रहने का मन कर रहा है! पर हम जा कहां रहे हैं?
जहां पर हमारे रूप बदलने का सामान मौजूद है!
उस जगह का कोई पता तो होगा!
आई मीन एड्रेस!
जल्दी ही तुमको एड्रेस भी मालूम पड़ जाएगा, बेबी!
हे मैन! आर यू ओ.के.?
वान्ना कॉल कॉप्स?
नहीं! कॉप्स को बुलाने की जरूरत नहीं है! मैं अपनी ही गलती से गिर गया था!
स्ट्रेंज इंडियन! ड्रेसेज लाइक अ सुपर हीरो!
ऑर ए सर्कस एक्रोबैट!
ही इज बोथ! ये दोनों ही है!
ही इज सुपर कमांडो ध्रुव!
वाऊ! लेकिन ये यहां पर क्या कर रहा है?
क्या हम पर कोई खतरा मंडरा रहा है!
खतरा सच में मंडरा रहा था-
मैंने हर तरफ देख लिया है! कॉटेज में कोई नहीं है!
श्वेता के स्पाइडर के चंगुल में रहते मैं कॉप्स को बुलाने का खतरा मोल नहीं ले सकता!
वे दोनों यहां से निकल चुके हैं! पर स्पाइडर गया कहां होगा?
श्वेता को तो वह कब्जे में कर ही चुका है!
अब उसका अगला मुकाम क्या होगा?
रोनिन! वह अभी तक जिन्दा है! यस!
स्पाइडर कहीं पर भी जाए, पर कभी न कभी यहां जरूर आएगा!

स्पाइडर इस वक्त कहीं और था-
ये हम कहां आ गए हैं?
आओ! हमारे रूप बदलने का समय आ गया है!
वाऊ! ये तो एक छोटी-मोटी लैब है!
पर... पर!
नो!
क्या हुआ?
वह सामान यहां नहीं है जिसकी हमें जरूरत है!
आखिर वह चीज है क्या?
वह चीज जो भी है जल्दी ही हमारे पास वापस आ जाएगी!
मैंने ऐसा इंतजाम कर दिया था कि अगर वह चीज किसी तरह यहां से चली भी जाए...
...तो भी उसको वापस हमारे पास आने के लिए मजबूर हो जाना पड़े!
ये पहेलियां मेरी समझ में तो नहीं आ रही हैं!
मैं तो बस ये जानती हूं कि अगर हम ज्यादा देर तक इसी रूप में रहे तो हमको पकड़े जाने में ज्यादा देर नहीं लगेगी!
फिर लोग अपने नए सुपर हीरो को या तो पुलिस लॉकअप में देखेंगे और या फिर चिड़ियाघर में!
हम ऐसी जगह पर जाकर छुपेंगे बेबी, जहां पर हमको कोई ढूंढ नहीं पाएगा!
कहानी 19 पेज से जारी

हम तुम्हे कहीं नहीं जाने देंगे। अगर तुम अपराध को खत्म करने निकले तो तुम्हे खत्म कर देंगे...
वर्ष 2008 में उपलब्ध
परमात्मा
आज क्षिप्रा रोक रही थी इंस्पेक्टर विनय को और शीना रोक रही थी परमाणु को। शुरू होने जा रहा है परमाणु का एक रहस्यमय कॉमिक सफर।

उफ! मेरे अंदर हो गया है...
केमिकल लोचा
सुपर इंडियन का रोमांचक कॉमिक!

लेकिन उससे पहले मुझे एक अधूरे काम को पूरा करना है!
चलो! मैं तैयार हूं! क्या काम है?
वह काम मुझे अकेले ही पूरा करना है! एकदम अकेले!
क्रैम्बिज के सिटी हॉस्पिटल में-
वी हैव स्ट्रिक्ट ऑर्डर्स! हमको यहां से हिलना नहीं है! कोई डॉक्टर्स या नर्स कहे तो भी नहीं!
अंगड़ाई लेने के लिए तो हिल सकते हैं न! यार, इस रोनिन की जान बचाते- बचाते मैं खुद मर जाऊंगा!
उठ, रोनिन! उठ! डिन आ गया है!

या तो तू उठ या फिर मैं तुझे दुनिया से ही उठा दूंगा! क्योंकि तू ही अकेला ऐसा आदमी है जो दुनिया को स्पाइडर के बारे में...
उठने की बारी तुम्हारी है! हिलना मत!
कौन हो तुम? और इस तरह से रोनिन के कमरे में क्यों आए हो?
मैं... मैं तो रोनिन का दोस्त हूं! इसका हाल जानने आया था! पुलिस वाले अंदर आने नहीं दे रहे थे तो... तो इस तरह से अंदर आना पड़ा!
पर... पर आप कौन हैं?
मैं रघुपति हूं! फिट्ज का पिता! और फिट्ज का क्या हुआ, ये मुझे सिर्फ रोनिन ही ठीक-ठाक बता सकता है!
आ... आप फिट्ज के पिता कैसे हो सकते हैं? आपका नाम तो रघुपति है! इंडियन नेम!
मैं फ्रेंच नेशनल हूं! और मैंने अभी-अभी फिट्ज की मां मेरियन से शादी की है!
अब तुम बताओ कि तुम्हारा नाम क्या है?
मेरा नाम...? अ... क्या है मेरा नाम? हां...
मैं शांग यांग हूं! रोनिन का क्लासमेट!
गलत! तुम्हारा नाम डिन है!
आ... आपको कैसे पता?
अपने हाथों की देखो!
ओ, शिट्!
तुम रोनिन को मारने आए थे! ताकि तुम्हारा रहस्य, रहस्य ही बना रहे!
पर अब तुम्हारा भेद खुल चुका है डिन, उर्फ...

...स्पाइडर!
सब गड़बड़ हो गई, यार!
मौका तो हाथ से गया और अब जाल जाने की बारी है!
सुना है कि तेरे जाल गोली को भी रोक लेते हैं! पर ये गोलियां स्पेशल हैं! इनको तो बुलेट-प्रूफ जैकेट भी नहीं रोक सकती है!
अब तेरा खेल भी यहीं पर खत्म होगा स्पाइडर!
धड़ाक
और वह भी मेरे हाथों से...
आऽऽऽह!
कौन?
अरे, तुम तो...
मैं पहले से ही जानता हूं कि तुम कौन हो!
तुम्हारा रहस्य मेरे पास सुरक्षित रहेगा!
बस! अब तुमको वैसा ही करना पड़ेगा जैसा मैं कहूंगा!
ठीक है?
ठीक है!
तो फिर सुनो कि अब आगे तुमको क्या करना है!

और फिर-
श्वेता! ये क्या कर रही हो?
टाइम पास कर रही हूं! तुम्हारे वापस आने तक कुछ न कुछ तो करना ही था!
इसीलिए मैं वो एंटीडोट बनाने की कोशिश कर रही हूं जो तुम नहीं बना पाए!
मुझे समझ में नहीं आता कि तुम माइक्रोबॉयोलॉजी के अच्छे स्टूडेंट होने के बावजूद हमको अपने असली रूप में वापस लाने के लिए एंटीडोट क्यों नहीं बना पा रहे हो?
क्योंकि मुझे और भी बहुत से जरूरी काम हैं!
बल्कि अब मुझे ये समझ में आ रहा है कि हमारा फायदा इसी में है कि स्पाइडर की काट कभी बने ही नहीं!
ये तुम क्या कह रहे हो?
यानी मुझे जिन्दगी भर इसी रूप में रहना पड़ेगा?
ऐसा ही होगा बेबी!
ठीक हो जाओगी तो भाग जाओगी!
ऐसा नहीं हो सकता!
हमेशा इस रूप में रहोगी...
... तो हमेशा स्पाइडर की रहोगी!
इसीलिए अब जो भी स्पाइडर की काट बनाकर उसकी शक्ति को मिटाने की सोचेगा, स्पाइडर उसको काटकर रख देगा!
तुम पागल हो गए हो! मेरी बात सुनो! पूरी दुनिया से तुम अकेले लोहा नहीं ले सकते!
अकेला कौन है?
अब तो कैम्ब्रिज की हर गली में एक ही आवाज गूंजेगी!

... स्पाइडर-
स्पाइडर-
और स्पाइडर-
ओ माई गॉड! ये... ये क्या है? ढेर सारे स्पाइडर! और वह भी रेडियो एक्टिव माहौल में!
हां! बड़ी मुश्किल से इतने रेडियम का इंतज़ाम किया है! अब ये होंगे मेरे हथियार और निशाने पर होगा पूरा क्रैम्बिज!
यानी... यानी...
सही समझी! अब हमको इंसानों जैसा बनने की जरूरत नहीं है! बल्कि इंसानों को अपने जैसा बनाने की जरूरत है!
तब हमारे पास होगी अपनी आर्मी! और तब पूरी दुनिया पर चलेगा स्पाइडर का कानून!

आऽऽऽ हा हा हाऽऽऽ
आर्र्र्र घघघ !
ये... ये तुमको क्या हो रहा है?
पता नहीं ! ऐसा लगता है जैसे पूरा शरीर अंदर से जल रहा हो !
आऽऽऽ हऽऽऽ
अब कुछ चैन पड़ा ! वर्ना लगता था कि जैसे मैं खाक हो जाऊंगा !
क्रेम्बिजवासी अपने ऊपर आने वाले खतरे से अंजान थे-
और खतरा पूरे शहर में फैलता जा रहा था -

और इंसानों के साथ-साथ पशु भी इसकी चपेट में आ रहे थे-
ये खतरा कहां तक अपने पैर पसारेगा इसका किसी को अंदाजा तक नहीं था-
आऽऽऽह!
अब आप कैसा महसूस कर रहे हैं?
सिर फट रहा है! जाने किस कम्बख्त ने पीछे से सिर पर...
अरे तुम कब आई मेरियन?
जब आप सिर पर चोट खाकर नीचे गिरे थे और आपको मारने वाला किसी मकड़े जैसे प्राणी के साथ बात कर रहा था!
मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा था! मैं छुपकर देख रही थी!
फिर उसने आपको उठाकर एक बेड पर लिटाया और एक डॉक्टर को बुलाकर तेजी से चला गया!
उसी मकड़े जैसे प्राणी के साथ जो इतनी देर तक अंधेरे कोने में छुपकर बैठा था!
यानी तुमने उसे देखा! जिसने मुझ पर पीछे से वार किया! और जो मेरे बेटे के कातिल को बचाना चाहता है!
बेटे का कातिल! पर आप तो सिर्फ फिट्ज को अपना बेटा मानते हैं! यानी फिट्ज...
ओ जीजस! इट काट है पेन! कह दो कि ये झूठ है!
ये सच है मेरियन!
यहां आकर मुझे पता चला कि तुम्हारे बेटे को... फिट्ज को स्पाइडर ने मार डाला है!
ओ गॉड! माई सन!
अगर ये सच है तो फिर ध्रुव ने उस स्पाइडर को बचाने के लिए आप पर वार क्यों किया?
डंडा तो ध्रुव के हाथ में ही था!
क्या?

ये नहीं हो सकता! ध्रुव, फिट्ज के कातिल का साथ भला क्यों देगा?
और... और एक अपराधी हत्यारे को बचाने के लिए वह भला अपने सगे ताऊ पर क्यों वार करेगा!
ये तो तुम उसी से पूछना! पर ये पक्का है कि डंडा उसी के हाथ में था!
यानी... यानी ध्रुव मेरे दुश्मनों का साथ दे रहा है! हे भगवान! अब तो किसी पर भी भरोसा करना मुश्किल है!
लेकिन मुझे ये तो पता करना ही होगा कि ध्रुव ऐसा क्यों कर रहा है! मुझे ध्रुव से मिलना ही पड़ेगा!
वह किस तरफ गया था?
नीचे! सीढ़ियों से!
हॉस्पिटल के इस फ्लोर से नीचे तो सिर्फ पैथोलोजी लैब्स और 'एक्सरे' कैट स्कैन जैसे इंवेस्टिगेटिंग सेक्शंस हैं!
और वहां पर प्रवेश निषेध है! ध्रुव भला वहां पर क्यों जाएगा?
ध्रुव के दिमाग में एक प्लान था-
व्हाट? खबर पक्की है?
तब तो हमारे पास समय बहुत कम है!
मैं अभी पुलिस कमिश्नर को इस मुसीबत की सूचना देता हूं!
हैलो! मिस्टर ध्रुव? आप कौन? खैर कहिए!
COMMISSIONER OF POLICE
हां हां! मैं समझ गया! पूरे कैम्बिज में रेडियो एक्टिव मकड़े फैल गए हैं!
और वे जिनको काटेंगे वे स्पाइडर जैसे बन जाएंगे!
वैसे मुझे ये बात पहले से पता है!
कैसे? ये सूचना आपको किसने दी?
आइने ने!
नाऊ आई एम वन ऑफ देम!

स्थिति हाथ से बाहर जा चुकी है! जिनसे मदद की उम्मीद थी, अब वे भी हमारे दुश्मन बन चुके हैं!
अब सिर्फ तुम ही हमारी एकमात्र उम्मीद हो!
टी. वी. ऑन करो! शायद लोकल-न्यूज चैनेल पर हमको कुछ और जानकारी मिले!
पूरे कैम्ब्रिज में हर जगह पर मकड़े नुमा मानव नज़र आ रहे हैं! इनमें औरतें और यहां तक कि बच्चे भी शामिल हैं!
और इनका पहला निशाना कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की माइक्रोबायोलॉजी की लैब बनी है! ये डिपार्टमेंटल स्टोर्स को भी लूट रहे हैं! लेकिन फिर भी लगता है कि इनका पहला निशाना कैम्ब्रिज की पैथोलॉजी लैब्स हैं!
और अब मुझे भी इनको ज्वाइन करने की इच्छा हो रही है!
वेट टिल नेक्स्ट ब्रेकिंग न्यूज!
ओ गॉड! पैथोलोजी लैब्स पर हमले हो रहे हैं! यानी इन स्पाइडर्स को कोई गाइड कर रहा है! ये एक संगठित फोर्स बन चुके हैं!
अब जल्दी ही यहां पर भी हमला होगा! हमको अपना काम उससे पहले पूरा कर लेना होगा!
क्या कहते हो? कितना समय और लगेगा इस काम में?
कुछ कह नहीं सकता! दो मिनट भी लग सकते हैं और दो घंटे भी!
पर ये पक्का है कि हमको सफलता जरूर मिलेगी!
मेरे जिन्दा रहते नहीं!
PATHOLOGY LAB
क्योंकि वह समय मैं तुमको देने वाला नहीं हूं!

ताऊजी! और... और आप कब आईं ताई जी!
जब तुम अपने ताऊजी के सिर पर डंडा मारकर जा रहे थे, तभी!
प्रणाम ताई जी!
वो तो... वो तो मैं... ओफ्फो!
जबान क्यों बंद हो गई तेरी ध्रुव? अभी मेरे दुश्मन और फिट्ज के हत्यारे के साथ प्लान बनाते समय तो तेरी जबान बहुत तेजी से चल रही थी!
एक मिनट! एक मिनट ताऊजी! ताईजी ने जो देखा वह सच था! मुझे ऐसा करना पड़ा! वर्ना अगले ही पल आप डिन पर गोली दाग देते! और एक बड़े खतरे से बचने के सभी रास्ते हमारे लिए बंद हो जाते!
वह खतरा मेरे निशाने पर था, भतीजे! खतरा तो उसी पल खत्म होने वाला था!
तेरा झूठ साफ पकड़ा जा रहा है!
बता! कहां पर है तेरा दोस्त वह हत्यारा स्पाइडर!
यहां... यहां पर कोई भी नहीं है!
एक और झूठ! अगर यहां पर कोई नहीं है तो उधर से फ्यूम्स क्यों आ रही हैं?
हटो सामने से!
क्या ये डिन नहीं है? और इसको देखकर तो कोई अंधा भी बता सकता है कि ये ही स्पाइडर है!
ये डिन जरूर है और फिलहाल ये स्पाइडर के रूप में भी है! पर ये हत्यारा नहीं है!
और अगर ये स्पाइडर है तो ये ही है फिट्ज का हत्यारा!
और अभी तो ये तय होना भी बाकी है कि फिट्ज सचमुच में मारा गया है या वह कहीं पर जिन्दा मौजूद है!
ये सच तो सिर्फ रोनिन बता सकता है!
तो ये है तुम्हारा 'कोई नहीं'!
ताऊजी, ये वो नहीं है जो आप समझ रहे हैं!
मैं समझ गया तुम्हारी चाल! तुम चाहते हो कि मैं रोनिन के होश में आने का इंतजार करूं और तुमको अपनी स्कीम को पूरा करने का समय मिल जाए!
अब मैं तुम्हारी बातों में और नहीं आऊंगा!

ये खतरा यहीं खत्म होगा और अभी खत्म होगा!
ताई जी!
ये कौन?
ओ माई गॉड! ये तो रोनिन है!
ये स्पाइडर कैसे बन गया?
पूरे शहर में रेडियो एक्टिव मकड़े घूम रहे हैं! वे जिसको भी काट रहे हैं वह स्पाइडर बन रहा है!
लेकिन अगर इसके डंक या लार ताईजी के खून में मिल गए तो ताईजी का रूप भी बदल जाएगा! बंदूक मुझे दीजिए!
पर... पर तुम तो फायर आर्म्स का इस्तेमाल कभी नहीं करते!
ये आपके लिए फायर आर्म होगा! मेरे लिए तो ये एक...
... डंडा है!
सॉरी, रोनिन!
इसको होश में आने से पहले बांधना होगा!
अ... थैंक्स ध्रुव!
थैंक्स तो मैं आपका करूंगा ताईजी! क्योंकि आपको अभी मेरा एक बहुत जरूरी काम करना है!
मुझे? पर क्या?

समय आने पर बता दूंगा, ताई जी!
ये तो समझ गया! पर इससे ज्यादा कुछ समझ में नहीं आया!
लेकिन अब आप यह तो समझ गए ताऊ जी कि स्पाइडर जैसे दिखने वाले प्राणी एक नहीं बल्कि उससे ज्यादा हैं!
रोनिन भी स्पाइडर में बदल गया है! अब तो फिट्ज की मौत का रहस्य जानने के लिए और ज्यादा इंतजार करना होगा!
ये रहस्य भी जल्दी ही खुल जाएगा, ताऊजी! लेकिन उससे पहले आपको एक खतरनाक ड्यूटी निभानी होगी!
बाहर स्पाइडरों की फौज घूम रही है! मुझे उन्हें रोकने के लिए बाहर जाना होगा! वह फौज यहां पर कभी भी हमला कर सकती है!
मैं उनको रोकूंगा जरूर लेकिन अगर कुछ स्पाइडर अंदर पहुंच गए तो उनको रोकने का काम आपको करना होगा!
पर मुझे यहां पर मौजूद किस चीज को बचाना है!
डिन को!
डिन! जिसको मैं मारने आया था, उसी को मुझे बचाना पड़ेगा?
हां, ताऊजी! क्योंकि फिलहाल डिन ही हमारी एकमात्र और आखिरी उम्मीद है!
तुम सुपर हीरो बनना चाहते थे न, डिन!
ये है एक सुपर हीरो बनने का मौका!
इसको गंवाना नहीं!
मैं तुम्हारा भरोसा टूटने नहीं दूंगा!
ओ.के.! मैं बाहर जा रहा हूं!
बेस्ट ऑफ लक एवरी बडी!

बाहर की स्थिति भयावह थी-
स्पाइडरों की इस विनाशकारी फौज को रोकने वाला कोई नहीं था-
क्योंकि जिनको उन्हें रोकना चाहिए था, वे खुद उसके साथ जा मिले थे-
PATI
L
लेकिन ये स्पष्ट था कि उनका ऐसा करने का कोई मकसद जरूर था-
कोई उनको आदेश दे रहा था-

कोई इस पूरी फौज को कंट्रोल कर रहा था-
ये तो कमाल है! तुम इन सबको कंट्रोल कैसे कर पा रहे हो?
में कोई वैज्ञानिक तो हूं नहीं, जो तुमको इस बात का सही कारण बता सकूं! पर मैं इनमें से हर एक स्पाइडर-पर्सन से मानसिक तरंगों द्वारा जुड़ा हुआ हूं! इनको इस वक्त एक लीडर की जरूरत है और मैं वह लीडर बन गया हूं! अब मेरे पास एक अपनी सेना है!
पर ये सेना हमारे पास रहेगी कब तक? जल्दी ही कोई न कोई इनको सामान्य बनाने का रास्ता ढूंढ निकालेगा!
ऐसा कोई भी सीरम किसी केमिकल लैब में ही तैयार किया जा सकता है! इसीलिए मैंने इनको सबसे पहला आदेश इस शहर की सारी ऐसी लैब्स को तोड़ने का दिया है जिनमें किसी भी किस्म के केमिकल मौजूद हों!
और इनमें से सभी ने मेरा आदेश मानकर ऐसा ही किया और अभी भी कर रहे हैं!
सिवाए एक को छोड़कर!
वह जो अभी भी न जाने क्यों मेरे वश से बाहर है!
डिन?
व्हाट! यानी... यानी तुम सच्चाई जान गई हो कि मैं... डिन नहीं हूं!
क्या तुम ये भी जानती हो कि मैं कौन हूं?
अंदाजा लगा सकती हूं!
अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता! हां, डिन यहां पर आया था! भाग गया!
पर मैंने अपना जहर उसके शरीर में पहले ही छोड़ दिया था! अब तक वह भी स्पाइडर बन गया होगा!
और देर या सबेर उसको मेरे आदेश का जवाब देना ही पड़ेगा!

क्योंकि इस वक्त सभी स्पाइडर मानव मेरे गुलाम हैं!
... और तुम भी!
डिन भी...
स्पाइडर दिमाग पर पूरा जोर डाल रहा था-
और उसका असर भी सामने नजर आ रहा था-
सीरम बन गया!
सीरम बन गया!
पर ये हमारे खिलाफ कभी इस्तेमाल नहीं होगा!
कभी नहीं!
ये तुम क्या कह रहे हो डिन?
ये इस तबाही के खिलाफ हमारा आखिरी हथियार है!
पर ये हमारी तबाही है! स्पाइडर मानवों की तबाही है!
पर तुम तो... तुम तो हमारी तरफ हो!
था!
पर अब मैं अपनी नई प्रजाति का वफादार हूं! ये सीरम आदेश के अनुसार हमारे लीडर के पास जाएगा!
सुपर स्पाइडर के पास!
हटो मेरे रास्ते से!
ध्रुव जिस चीज का इंतजार कर रहा था वह उसको कभी मिलने वाली नहीं थी-
FIRESTATIO
पर हां, मौत उसका इंतजार जरूर कर रही थी-
गर्र्र्र
ओ माई गॉड! ये... ये क्या है?

यानी... यानी स्पाइडर से सिर्फ मनुष्यों को ही नहीं, पशुओं को भी खतरा है!
आम कुत्तों से तो मैं बोलकर ही निपट सकता हूं! लेकिन ये कुत्ता तो चार पैरों के अलावा चार स्पाइडर-हैंड वाला भी है!
और इसका एक ही डंक मुझे भी स्पाइडर मानव में बदल सकता है!
इससे इस तरह निपट पाना मुश्किल है!
कोई दूसरा रास्ता ढूंढ़ना होगा!
वह फायर स्टेशन! यहां पर मेरी मदद का सामान हो सकता है!
ध्रुव को कुत्ते से लड़ने के लिए एक हथियार मिल गया था-
इस तेज धार की मदद से मुझे इसको ऐसी जगह पर पहुंचाना है जहां पर मैं इसको बंद कर सकूं!
जैसे कि ये कमरा...
ओ गॉड!
ये कुत्ता तो स्पाइडर की तरह आग के गोले छोड़ रहा है!
शायद पशुओं पर स्पाइडर के सीरम का असर ज्यादा तेजी से होता है!
पर फिलहाल तो ये खतरा टल...
आऽऽऽह!
हे भगवान! इसके साथ तो वही हुआ जिसकी चेतावनी मैं स्पाइडर को दे चुका हूं!
यानी खतरा सिर पर आ चुका है! भगवान करे कि डिन ने अब तक वह सीरम बना लिया हो!

अरे वाह! मेरी जबान पर तो सरस्वती विराजमान है! अभी जो कहा, वह तुरंत सच हो गया!
तुम्हारे हाथ में जरूर सीरम का ही कैन है! लाओ, इसे मुझे दे दो! मैं कोई ऐसा तरीका जरूर ढूंढ लूंगा जिससे कि ये सीरम...
... हर इफेक्टेड स्पाइडर मानव के शरीर में पहुंचाया जा सके!
डिन!
आऽऽऽह!
तुम कहां जा रहे हो?
वह एकाएक बदल गया है ध्रुव! सीरम पूरा बनते ही वह उसको सुपर-स्पाइडर के हाथों में सौंपने की बात करने लगा!
वह उसी की तरफ गया है!
समझ गया! आखिर कार वह भी उसके वश में आ ही गया!
लेकिन हमको उसे रोकना होगा! हर कीमत पर!
ध्रुव डिन को रोकने के लिए बढ़ा तो जरूर-
लेकिन उसको बीच में ही अपने कदम रोक लेने पड़े-
हे भगवान! स्पाइडर मानवों की पूरी फौज इधर ही आ रही है! शायद इस हॉस्पिटल की पैथोलॉजी लैब को तबाह करने के लिए!
हांलाकि अब उसकी जरूरत नहीं है!
आप इनको रोकिए ताऊ जी! और मैं डिन को रोकता हूं!
पर मैं... मैं इनको कैसे रोकूंगा?
आपके पास गन है! हवाई फायर करिएगा! और अगर जरूरत पड़े तो फायर पंप्स से पानी की धार का वार करिएगा!
डिन! रुक जाओ!
नहीं! तुम मुझसे सीरम ले लोगे! हमारी प्रजाति का विनाश कर दोगे!

इस मुसीबत को यहीं पर रोकना जरूरी है डिन! ये स्पाइडर बनने का आइडिया तुम्हारा ही था न! लेकिन तुम इसकी मदद से शक्तियां पाकर सुपर हीरो बनना चाहते थे! अच्छा काम करना चाहते थे!
सुपर स्पाइडर की तरह तबाही और विनाश फैलाना नहीं!
ये... ये तो सच है!
अपने आपको कंट्रोल करो डिन! सच का साथ दो!
अब डिन तुम्हारा साथ नहीं देगा!
क्योंकि अब वह हममें से एक है!
सुपर स्पाइडर! और... और श्वेता!
अब हम सब एक हैं! दोस्त हैं! अगर कोई दुश्मन है तो सिर्फ तुम!
ताऊजी के हाथ-पैर स्पाइडरों की इस फौज को देखकर ही फूल गए थे-
ओफ्! ये तो डरते ही नहीं! बढ़ते ही आ रहे हैं! मुझे पीछे हटना पड़ेगा!
और डिन भी स्पाइडरों के बीच में ओझल हो चुका था-
PAR
खतरा अभी और बढ़ने वाला था-
आऽऽऽह!
मेरा शरीर फिर से अंदर से जल रहा है!
आऽऽऽऽ
ओफ्! शायद स्पाइडर के अंदर हो रहा एटॉमिक रिएक्शन, क्रिटिकल स्टेज पर पहुंच चुका है!
अब इसकी जान के साथ-साथ इसके आसपास मौजूद कई जानों के जाने का खतरा पैदा हो गया है!
जल्दी ही कुछ करना होगा!
पर कुछ करने का मौका ध्रुव के हाथों से जा रहा था-
ला, डिन! दे दे मुझे ये सीरम! ताकि मैं इसे नष्ट कर सकूं!

नहीं डिन! सुपर हीरोज मानवता और समाज की रक्षा करते हैं। इंसानों को शैतानों से बचाते हैं! इंसानों को खुद शैतान नहीं बनाते!
अगर तुम्हारे अंदर वाकई एक सुपर हीरो छुपा हुआ है तो जगाओ उसे!
वह तुम्हारे अंदर पाप का नाश करके तुमको सही रास्ता दिखाएगा!
पकड़ो ध्रुव!
डिन!
अच्छी कोशिश की थी गद्दार! पर तेरी ये कोशिश बेकार है! क्योंकि तेरा थ्रो इतना शक्तिशाली नहीं है कि ये कैन ध्रुव तक पहुंच सके!
ये बीच में ही गिर जाएगी! और कोई मेरा वफादार स्पाइडर इसको लपककर मेरे पास ले आएगा!
जैसे मैं!
शाबाश श्वेता! ला मुझे दे दे ये कैन!
लो, पकड़ो!
थैंक्स, श्वेता!
व्हाट!
तूने भी स्पाइडर होकर मेरे हुक्म की अवहेलना की?
स्पाइडर! कौन है स्पाइडर?

मैं जब स्पाइडर को ढूंढ़ने गई थी तो पूरी तैयारी के साथ गई थी! तूने मुझे जो डंक मारा वह इस हाथ पर मारा था! मेरे तीसरे हाथ पर! और फिर मैंने अपने बैग से स्पाइडर के मेकअप का वह सामान निकाला जो मैं साथ लेकर गई थी!
पर... पर तुमने ऐसा क्यों किया?
ताकि मैं तुम्हारा असली रूप जान सकूं! मुझे शक हो गया था कि डिन स्पाइडर नहीं है!
और दोस्त होने के नाते उसको निरपराध साबित करना मेरा फर्ज था!
लेकिन मुझे ये समझ में नहीं आया कि डिन न होते हुए भी तुमने मुझ पर मर मिटने का नाटक क्यों किया?
क्योंकि मुझे ध्रुव से खतरा था! और ऐसा करके मैं ध्रुव को काफी हद तक काबू में रख सकता था!
पर तेरी चालाकी के कारण बात बिगड़ गई है! अब ध्रुव को खत्म करने के अलावा मेरे सामने और कोई चारा नहीं है!
स्पाइडर फ्रेंड्स! अपने अंदर धधकती आग को इकट्ठा करो और खाक कर दो ध्रुव को!
और ये काम असंभव है!
ओ गॉड! ये लोग खतरे को समझ नहीं रहे हैं कि मेरे साथ-साथ इनका भी आखिरी समय पास आ रहा है!
इस सीरम को इन सबके अंदर तुरंत पहुंचाना होगा। और वह भी एक साथ! पर ये कैसे संभव होगा?
ये सीरम किसी भी तरह इनके खून में मिलना चाहिए! अब हर स्पाइडर को इंजेक्शन लगाना ही एकमात्र रास्ता है!
ओफ़! बेशुमार जालों ने हमें जकड़ लिया है!
ADVENTURE

हा हा हा!
स्पाइडरों की इस पॉवरफुल आर्मी के सामने कोई नहीं टिक सकता!
कोई भी नहीं!
अब हम क्या करें ध्रुव?
अब तो हमारे सामने सिर्फ एक ही रास्ता बचा है! मौत की वन वे स्ट्रीट!
एक जिन्दगी की तरफ जाने वाला रास्ता भी है डिन! अगर हम इस कैन को फोड़कर सीरम हवा में मिला दें तो सीरम के कण, सांस के जरिए स्पाइडरों के फेफड़े और वहां से इनके खून तक पहुंच जाएंगे!
ग्रेट आइडिया, ध्रुव! सुपर आइडिया!
क्या खाक ग्रेट आइडिया है! हवा उल्टी तरफ बह रही है! अगर यहां पर कैन फोड़ी तो हवा सीरम को स्पाइडरों से विपरीत दिशा में ले जाएगी!
तो फिर हमें हवा का रुख बदलना होगा!
रियली? क्या हम ऐसा कर सकते हैं?
कर सकते हैं! इस जाएंट व्हील पर लगी लंबी एडवरटाईजिंग प्लेट्स को थोड़ा सा मोड़ो!

अब संभल जाओ! मैं जायंट व्हील को स्टार्ट करने जा रहा हूं!
निशाना सटीक था-
MED
FULL
पॉवर ऑन होते ही-
और इसी पल ध्रुव ने कैन को एक आग के गोले की तरफ उछाल दिया-
जायंट व्हील ने तेजी से घूमना शुरू कर दिया-
और सीरम की बूंदें हवा में घुलकर स्पाइडरों के खून में मिलने लगीं-
और उसमें फिक्स प्लेट्स की मुड़ी पत्तियां एक जायंट फैन बनकर हवा का रुख बदलने लगीं-
डिन का फार्मूला सटीक था-
और ये साबित होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा-
ओह! ये... ये क्या हो गया? पर मैं ऐसे हार नहीं मानूंगा!
नहीं मानूंगा मैं हार!
हार तो तुमको अब माननी ही पड़ेगी, फिट्ज!
क्योंकि अब तुम अकेले हो! एकदम अकेले!
फिट्ज!
फिट्ज जिन्दा है!
ओ गॉड! व्हाट हैपेंड टू माई सन!

फिट्ज! मेरे बेटे!
मैंने इसी समय के लिए आपकी मदद मांगी थी ताई! अब आप ही इसको समझा सकते हैं!
पर... हम तो डिन को ही स्पाइडर समझ रहे थे! फिट्ज स्पाइडर कैसे बन गया?
इसने डिन का फायदा उठाया है ताऊजी! ये जानता था कि डिन खुलेआम स्पाइडर बनने की बात कर रहा था!
हां, मैं ये जानता था! पर उस शाम जब मैं डिन के पीछे गया तो मैं ये जानता भी नहीं था कि वह स्पाइडर बनने की कोशिश में है!
मैं तो उसे पीटने के लिए उसके पीछे गया था!
रोनिन भी मेरे साथ था!
पर डिन रास्ते में अपनी सारी योजना बड़बड़ाते हुए जा रहा था! उसकी योजना सुनकर मैंने उसकी मेहनत का फायदा उठाने की सोची!
एथलीट होने के कारण भागता हुआ मैं उससे पहले कॉटेज तक पहुंच गया और रेडियम में रखी मकड़ी को उठाकर उसकी जगह एक-दूसरी जहरीली मकड़ी रख दी जो मुझे केबिन में ही मिल गई थी!
बस फिर क्या था! मैं स्पाइडर बन गया! पहले तो मुझे डर लगा, पर जल्दी ही मुझे अपनी ताकत का एहसास होने लगा!
सिर्फ एक ही अड़चन थी रोनिन! वह कभी भी मेरा भेद खोल सकता था! मैंने उसको पहले यह बोलने के लिए कहा कि फिट्ज को स्पाइडर ने मार डाला है! ऐसा कहने से मुझ पर से शक हट जाए! और उसके बाद मैं रोनिन को बोलने लायक नहीं छोड़ता! मैंने यही किया! पर रोनिन बच गया! और मैं श्वेता और फिर ध्रुव से जा टकराया! पहले मैं श्वेता को भी खत्म कर देना चाहता था!
लेकिन फिर मुझे एहसास हुआ कि ध्रुव मेरे लिए एक खतरा है! और उससे बचने के लिए मैं श्वेता से प्यार और शादी का नाटक करने लगा!
अब एक नई समस्या खड़ी हो रही थी! मैं स्पाइडर तो बन गया था, पर मुझे फिर से फिट्ज बनने का तरीका नहीं पता था! यह काम सिर्फ डिन कर सकता है! पर उसको पुलिस ने पकड़ रखा था! मैंने उसे लॉक अप से आजाद कराया और अपने गुप्त ठिकाने पर ले आया ताकि वह स्पाइडर का एंटी सीरम बना सके!
उसको मजबूर करने के लिए मैंने उसको भी स्पाइडर बनाने का इंतजाम कर दिया था! उसको डंक मार दिया था! ताकि वह सीरम बनाने पर मजबूर हो जाए! पर वह भागकर अस्पताल जा पहुंचा ताकि रोनिन के जरिए पुलिस को बता सके कि स्पाइडर वह नहीं फिट्ज था!
पर मुझे अभी तक ये नहीं पता चला कि तुम लोगों को ये शक कब हुआ कि स्पाइडर डिन नहीं कोई और है!
तब जब तुम एंटी सीरम बनाने के लिए जरूरी केमिकल लेने कॉलेज की बायोलैब में आए थे!
लैब की अच्छी तरह तलाशी ली गई थी जैसे कोई कुछ खास चीज ढूंढ रहा हो! डिन ऐसा कभी नहीं करता! क्योंकि माइक्रो बायोलॉजी का स्टूडेंट होने के कारण उसे उस लैब का एक-एक कोना पता था!
जाहिर था कि स्पाइडर डिन नहीं था! यह खबर मैंने भइया को दी और साथ ही साथ तुमको बेवकूफ बनाने का प्लान भी बना लिया!
मेक अप की फुल किट के साथ!

श्वेता मुझे तुम्हारी हरकतों की एक-एक खबर दे रही थी! मैं चाहता था कि श्वेता ऐसा न करे क्योंकि ऐसे में उसकी जान को तुमसे खतरा था!
पर वह डिन को निर्दोष साबित करने के लिए कमर कस चुकी थी! इसीलिए मैंने उसको यह ताकीद कर दी थी कि वह मुझको सिर्फ खबरें देती रहे! तुमको रोकने की कोशिश कतई न करे!
यानी... यानी जिस वक्त से मैं खेल को जीता हुआ समझ रहा था, असल में उस वक्त तक मैं खेल को हार चुका था!
ये जीत हार का खेल नहीं है बेटा!
गलत राह छोड़कर अच्छी राह पर चलोगे तो इस हार में भी जीत का ही एहसास होगा!
ये नकाब उतार दो बेटे, और लौट आओ!
लौट आओ फिट्ज! कानून तुमको माफ करे न करे, पर हमने तुमको पहले से ही माफ कर दिया है!
मैं वापस आऊंगा जरूर! लेकिन तब जब मैं अपनी एक नई सेना बना लूंगा! इस शक्ति को मैं अपने हाथों से जाने नहीं दूंगा!
मैं ध्रुव का काल बनकर वापस आऊंगा!
फिलहाल तो तुम अपनी मौत की तरफ जा रहे हो! रुक जाओ फिट्ज!
फिट्ज!
मेरा बेटा!
पर काफी देर हो चुकी थी-
फिट्ज के अंदर बढ़ रहा एटॉमिक दबाव चरम स्तर पर पहुंच चुका था-
क्या फिट्ज खत्म हो गया है ध्रुव? यहां तो उसका नामोनिशान तक नहीं है!
एटम आसानी से नष्ट नहीं होते डिन! आंखें तो कह रही हैं कि फिट्ज खत्म हो गया! पर मेरा दिल ये मानने के लिए तैयार नहीं है!
यानी वह भूत बन गया होगा!
उसकी छोड़ो! तुम बताओ कि तुम्हारे सिर से सुपर हीरो का भूत उतरा या नहीं?
ये तो पहले से ही सुपर हीरो बन चुका है श्वेता! इसके एक निर्णय ने मानवता को एक बड़े विनाश से बचा लिया है!
और ऐसा काम जो भी करेगा, दुनिया उसे सुपर हीरो ही मानेगी!
रियली?
समाप्त

प्यारे मित्रों,

नया साल मुबारक हो।

वर्ल्ड वाइड वेब आपके हाथों में है। इसके साथ ही **मकड़जाल सीरीज** का समापन हुआ है। तीन पार्ट की ध्रुव की इस सोलो सीरीज के लिए पाठकों की बहुत सी प्रतिक्रियाएं मिलीं। **राज कॉमिक्स** ने इस सीरीज को बिल्कुल अलग तरह से प्रस्तुत किया था। ध्रुव की सोलो कहानी दूसरी बार तीन पार्ट्स में लिखी गई थी। इस सीरीज को बेहतरीन बनाने के लिए कई तरह के नए प्रयोग भी किए गए थे। कई आर्टिस्ट ने मिलकर इस सीरीज के आर्टवर्क में काम किया। पाठकों के मिले-जुले रिस्पांस आए। पूर्व कॉमिक **वेबसाइट** पाठकों को बहुत पसंद आई। पाठकों के कुछ पत्र मैं इस ग्रीन पेज में दे रहा हूं। अब अनुपम जी ने फैसला किया है कि वे ध्रुव की आगामी कॉमिक से कोशिश करेंगे कि सिंगल पार्ट की ही कॉमिक दें। आगामी कॉमिक **फास्ट फॉरवर्ड** के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि एक बहुत ही अच्छी कहानी होगी। ज्यादा जानकारी अगले किसी ग्रीन पेज में लिखूंगा। अब **वेबसाइट** पर पाठकों की प्रतिक्रियाएं-

Smart Indian— I read **वेबसाइट**, as the controversy over title was, title proved to be apt. The story was fine, good to see dhruv in suit. Bad for FITZZ. Graphics good, inking super, action sequence average. Over all a good entertainer I rate it 4/5.

Ravi karothiya—**वेबसाइट**-3.5/5. As everyone has said its definately better than **स्पाइडर**. Just like **हरी मौत** even this comic has the international feel to it (don't know its coz of the setting or the charcters). A super hero for bad guys was a nice concept. Story was entertaining, थोड़ी बहुत कॉमेडी भी अच्छी लगी।

आशु– ये स्टोरी **स्पाइडर** से बेहतर है। आर्टवर्क, पेंसिलिंग फीनिशिंग बढ़िया है। इंकिंग मुझे Average लगी। प्लीज हो सके तो इंकिंग एक ही इंकर से कराई जाए। कलरिंग/इफैक्ट मुझे Average लगे।

Mohit Kumar– Much better than **स्पाइडर**. Its cover is one of the best **RC** covers ever.

Rahul— Welcome back Dhruva. इसे पढ़कर ये निकला मुंह से Great तो नहीं पर Good Story, Nice आर्टवर्क, Very nice कलरिंग पर अनुपम जी **स्पाइडर** का सस्पेंस नहीं रख पाए। I think that FITTZ is **स्पाइडर**। Cover is not so good compared to **स्पाइडर**, बाकी तो इसका Add भी अच्छा था **स्पाइडर से**। Rating Story 4/5 ध्रुव को सूट में देखकर अच्छा लगा। Art 3.5/5 स्टारटिंग में थोड़ा अच्छा नहीं था पर last में शायद अनुपम जी ने बनाई है इसलिए बहुत ही खिल रही है। Coloring 5/5 ध्रुव के typical रंग से थोड़ा सा change है। Allover 4/5 **स्पाइडर** से हर मायने में अच्छी है।

Alpi—Just got to read **वेबसाइट**, Don't know what the hype is about, It is certainly not much diffrent than **स्पाइडर**. I am dessapointed to say the least. If such type of comic is making Dhruva fans feel good, then it shows that how desperate are they to have a good Dhruva solo comic. Which **Makarjaal series** has totally failed to provide. My

rating : **स्पाइडर** : 1.5/5, **वेबसाइट** : 1.2/5.

Rasikthool—Better than the last...Well, first thing first...this title was definately better than the previous one...I am happy that the concerned department has given some notice to our plea & now we know that our suggestions are not falling on deaf ears!! स्टोरी कुछ आगे बढ़ी है। कहानी में थोड़ा twist तो है लेकिन अनुपम जी ने जरूरत से ज्यादा clue दे दिए हैं इसलिए अगला पार्ट predictable हो गया। सभी डिपार्टमेंट्स में अच्छा काम हुआ है लेकिन कुछ जगह पर ड्राइंग अच्छी नहीं बनी है। (Ex : पेज 25 लास्ट फ्रेम, पेज 26 का लास्ट फ्रेम). कुछ अच्छे आर्टवर्क भी हैं (Ex : पेज 29 2nd फ्रेम, पेज 41 2nd फ्रेम). ध्रुव भी कोट पहने दिखाई दिया और काफी अच्छा लगा। Overall : Good (Better than the last for sure). My rating : 3.8/5

The game—Just got to read website, much better than स्पाइडर and its good to see that **RC** is working hard on improving the quality of Dhruva's comics. पर मुझे अभी भी लगता है कि अभी भी कुछ कमी है। It's not 100% upto the standard of SCD, but no doubt....अगर **RC** ऐसे ही ध्रुव की कॉमिक्स पर मेहनत करती रहेगी तो हमको ध्रुव की और बेहतर कॉमिक्स पढ़ने को मिलेंगी! और मुझे पूरी उम्मीद है कि W.W.W., स्पाइडर and वेबसाइट से भी बेहतर होगी!

My rating : **स्पाइडर** : 3/5, **वेबसाइट** : 3.5/5

Wishumady—have just read the comics and i would like to say one thing. Best part of spider series. It was far more better than spider. वैसे ये कहना भी गलत होगा कि **स्पाइडर** बेकार कॉमिक्स थी। हां पर **वेबसाइट स्पाइडर** से कहीं ज्यादा अच्छी है। **स्पाइडर** सिर्फ प्रस्तावना भर थी बाद में सस्पेंस बढ़ रहा है। कलर, इफैक्ट और आर्टवर्क भी **स्पाइडर** से better और आर्टवर्क भी **स्पाइडर** से better था। कवर हालांकि जुगाड़ से बना लिया गया **स्पाइडर** के Preview में ही जो Pictures थीं वो इसमें लगा दी गईं। But still अच्छा था। स्टोरी रोमांचक मोड़ ले रही है। श्वेता भी **स्पाइडर** जैसी बनने जा रही है। क्या होगा? क्या नहीं? पता नहीं। hope **W.W.W.** जैसा सोच रहे हैं वैसी ही हो।

Lucky pankaj one—ध्रुव की ये कॉमिक्स भी ok है। कुछ खास नहीं, वही similar story. **RC** को कुछ अलग करना होगा। जैसा कि नागराज के साथ हो रहा है, वर्ल्ड टेरोरिज्म में, नागराज and डोगा के सीरीज मस्त आ रहे हैं पर ध्रुव के **मकड़जाल सीरीज** में कुछ नया नहीं...3/5.

Mehfooz—Orginal-2 ही होता है। Story is somehow improved. लेकिन मैं इससे ज्यादा उत्साहित नहीं हूं। अच्छा यही है कि Original कहानियों पर वर्क हो।

Jayant—दोस्तों मैंने वेबसाइट पढ़ी, मुझे बहुत अच्छी लगी। कहानी में मुझे बहुत सारे सस्पेंस नजर आए। कहानी मकड़जाल जरूर ध्रुव की लाइफ या यूं कहूं ध्रुव की सबसे अच्छी सीरीज साबित होगी। आगे पढ़ें और enjoy करते रहें। My rating : 4.5/5

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : ग्रीन पेज नं. 266 राजा पॉकेट बुक्स 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84

Forum पर अपनी पोस्ट आप **www.rajcomics.com** पर करें।

धन्यवाद

आपका—संजय गुप्ता

राज कॉमिक्स में सुपर कमाण्डो ध्रुव का एक ऐसा विशेषांक जिसमें रोमांच से बचकर कोई भाग नहीं सकता!

स्टील बना अश्वराज
परमाणु बन गया भोकाल
सुपर इंडियन ने धारण की गोजो की शक्तियां...
LALIT 2007
NARESH
NAGENDRA
पर इन सभी को खत्म करेगा
कालदंश
Part 3

BORN in BLOOD
आज मुम्बई को डोगा की जरुरत है।
जब तक लोमड़ी डोगा के साथ है...
NAGENDRA
कोई नहीं कहेगा ...
खोजा डोगा
Part 3
5 फरवरी को प्रकाशित

ये है मेरा...
अमर प्रेम
2007 में प्रकाशित
अमर प्रेम
कांटों भरा अंतहीन सफर
राज कॉमिक्स में शुरू होने जा रहा है कोबी और भेड़िया का कांटो भरा अंतहीन सफर।